# मेरे सरकार आए है | Raj Pareek

सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं
मेरे सरकार आये हैं, मेरे सरकार आये हैं
लगे कुटिया भी दुल्हन सी मेरे सरकार आये हैं

पखारो इनके चरणों को बहाकर प्रेम की गंगा
बिछा दो अपनी पलकों को मेरे सरकार आये हैं

उमड़ आई मेरी आँखें देखकर अपने बाबा को
हुई रोशन मेरी गलियां मेरे सरकार आये हैं

तुम आकर फिर नहीं जाना मेरी इस सूनी दुनिया से
कहूं हर दम यही सबसे मेरे सरकार आये हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%8f-%e0%a4%b9%e0%a5%88-raj-pareek/